परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009 (U.P.) India
Accredited A++ by NAAC
Website://ddugu.ac.in

पत्रांकः 7907 / प0नि0का0 / 2024

दिनांक 03 / 08 / 2024

सूचना

एतद् द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की आकस्मिक बैठक दिनांक 01 / 08 / 2024 में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय इस प्रकार है, **"समिति ने सर्वसम्मति से स्नातक पाठ्यक्रम के क्वालीफाईंग / नान–क्वालीफाईंग के माइनर को–कैरिकुलर कोर्स में पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर के प्रश्नपत्र PSY100 (Communication Skills and Personality Development) एवं HSC100 (Nutrition, Health and Hygine) के अनुत्तीर्ण छात्रों की विशेष परीक्षा कराये जाने हेतु सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर के इसी ग्रुप के शेष प्रश्नपत्र FCA100, NCC100, NSS100, PHED100 एवं RR100 के भी ऐसे छात्र जो क्वालीफाई नही किये हैं, उनके लिए भी पोर्टल खुलवाकर नियमानुसार कार्यवाही कर अंक अपलोड करने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गयी। समिति ने उक्त परीक्षा हेतु बैक पेपर के लिए पूर्व निर्धारित रूपये 500/– शुल्क के रूप में लिए जाने का निर्णय लिया"**

उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के ऐसे छात्र / छात्राऐं जो पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर 2023–24 की माइनर को–कैरिकुलर परीक्षा में नानक्वालीफाइ हैं, उन्हे निर्धारित शुल्क जमा करते हुए विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने का यह एक मात्र अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अतः छात्र / छात्राओं से आपेक्षित है कि वे पोर्टल पर परीक्षा फार्म पूरित कर निर्धारित शुल्क जमा कर परीक्षा में सम्मिलित होंगे, अन्यथा की स्थिति में यदि कोई छात्र / छात्रा विशेष परीक्षा में सम्मिलित नही होते है तो उन्हे संगत सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जायेगा।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर पोर्टल दिनांक 03 / 08 / 2024 से दिनांक 06 / 08 / 2024 तक खोला जा रहा है। विश्वविद्यालय एवं सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के ऐसे छात्र / छात्राओं को उपरोक्त वर्णित कैचो (07 कैच) में नान–क्वालीफाई है, वे पोर्टल पर जा कर अपना फार्म भर कर निर्धारित फीस जमा किया जाना समयान्तर्गत सुनिश्चित कर लें। यह व्यवस्था केवल उन्ही छात्र / छात्राओं को प्रदान किया गया है, जिनका परीक्षाफल सत्र 2023–24 में घोषित हुआ है तथा वे ही उक्त सन्दर्भित परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होंगे।

03/08/2024

परीक्षा नियंत्रक

03/08/24

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, दी0द0उ0गो0वि0वि0गोरखपुर।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. प्रभारी, सबल कक्ष को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्न पत्रों के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. अधीक्षक, परीक्षा सामान्य / परीक्षा गोपनीय।
5. प्रभारी, आई0टी0सी0 सेल।
6. प्रभारी, विश्वविद्यालय मीडिया।
7. प्रभारी, कोडिंग एवं परीक्षाफल एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 03 / 08 / 2024 से 06 / 08 / 2024 तक के लिए पोर्टल पर लिंक खोलना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी, निजी–सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

03/08/2024

परीक्षा नियंत्रक

03/08/24